विशेष

न्यायालय सहायक कलक्टर, जयपुर शहर प्रथम, जयपुर

उनवान बोदू बनाम राजीव

मुकदमा संख्या / वर्ष CTA-13/22 / 2022

क्र.सं.	दिनांक आज्ञा या कार्यवाही	आज्ञा विस्तृत रूप से	विशेष विवरण
	29/4/22	पत्रावली पेश हुई। वादी अधिवक्ता ने जानकारी दी की इसी विवादग्रस्त भूमि से संबंधित विवाद आकाश बनाम संजीव सोंखिया (63/2021) इस न्यायालय में पूर्व से विचाराधीन है। इन दोनों पत्रावलियों का अध्ययन कर पाया गया कि वादी द्वारा प्रस्तुत वाद बोदू बनाम राजीव (13/2022) व पूर्व में दर्ज पत्रावली आकाश बनाम संजीव सोंखिया (63/2021) पूर्ण रूप से समान है। दोनों में पक्षकार, विवादग्रस्त भूमि व चाहा अनुतोष पूर्ण रूप से समान है। अतः आकाश बनाम संजीव सोंखिया पूर्व में दर्ज होने से वादी की पत्रावली सेक्शन 10 "Res-subjudice" की श्रेणी में आती है, अतः चलने योग्य नहीं है। वादी द्वारा चाहा अनुतोष उसी वाद आकाश बनाम संजीव सोंखिया (63/2021) में प्रदान किया जायेगा। वादी पत्रावली 63/2021 उनवानी आकाश बनाम संजीव सोंखिया में उपस्थित होकर अपना पक्ष रखें। **अतः न्यायालय इस पत्रावली को सेक्शन 10 सीपीसी 1908 में आने के कारण खारिज करता हैं।** पत्रावली दर्ज नम्बर से कम होकर दाखिल दफ्तर हो। निर्णय आज दिनांक 29/5/22 को खुले न्यायालय में सुनाया गया। सहायक कलक्टर जयपुर शहर प्रथम Signature Not Verified Digitally signed by Arshdeep Brar Date: 2022.06.13 12:36:23 IST Reason: SelfAttested	